हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–236 : जौनपुर, बुधवार 24 मई 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

10 जून के बाद कोई भी पात्र किसान सम्मान निधि से वंचित नहीं रहेगा –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वृहद संतृप्तीकरण अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह अभियान 10 जून तक चलेगा। इसके बाद कोई किसान यह नहीं कहेगा कि पात्र होने के बाद उसको सम्मान निधि नहीं मिली। तकनीक भ्रष्टाचार पर तो प्रहार करती है साथ ही पात्रों को भी किस तरह लाभ पहुंचाती है यह कार्यक्रम उसका उदाहरण बनेगा। बुधवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि 55000 ग्राम पंचायतों में यह अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक गांव में कृषि विभाग राजस्व बैंक व अन्य सभी संबंधित विभागों की टीम शिविर लगाएगी जिनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में आधार वेरिफिकेशन के साथ–साथ निधि ा सत्यापन का काम भी होगा। उन्होंने कहा कि किसान और श्रमिक किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा हो सकते हैं यह वर्ष 2014 के बाद पहली बार लोगों ने देखा। हर व्यक्ति जहां अपने स्वास्थ्य की जांच कराता है वहीं धरती मां के स्वास्थ्य की जांच भी होनी चाहिए यह प्रधानमंत्री मोदी ने बताया और उन्होंने मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड बनाने का अभियान शुरू कराया। इस मौके पर सीएम ने कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल का भी शुभारंभ किया। आपदा से फसल बर्बाद होने पर पहले किसान बर्बाद हो जाते थे पर अब उनको फसल बीमा योजना का लाभ दिलाया जाता है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में 22 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि की सिंचाई की व्यवस्था दी गई। किसानों की आय दोगुनी करने के अभियान के तहत एमएसपी की घोषणा की गई। जहां धान और गेहूं के साथ दलहन और तिलहन की फसलों का भी एमएसपी दिया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 55,800 करोड़ रुपए

किसानों को इस निधि के तौर पर दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामवासियों को उनके स्वामित्व के लिए 56 लाख परिवारों को घरौनी उपलब्ध कराई गई। चाहे बीसी सखी हो चाहे अन्य योजनाएं लोगों को लाभ दिया गया। यह अभियान 10 जून तक चलेगा और सभी संस्थाएं मिलकर काम करेंगी। इसमें रुकी हुई पिछली किश्तें भी प्राप्त होंगी तो आधार सत्यापन के साथ–साथ पात्रों का भी सत्यापन होगा। कोई भी पात्र 10 जून के बाद इसके लाभ से वंचित नहीं रहेगा। जो पात्र नहीं वह भी स्वयं आगे आएं मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि जो व्यक्ति पात्र नहीं है वह स्वतः स्फूर्त भाव से यह कहे कि लिपिकीय त्रुटि के कारण उसका नाम इस सूची में आ गया है। उसका नाम सूची से काटा जाए और जो वास्तव में जो पात्र है उसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जाए। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह और अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

पीएम किसान लाभार्थी संतृप्तिकरण शिविर में 1385 मामले निस्तारित

जौनपुर सू.वि. : जनपद की समस्त न्याय पंचायत के एक एक ग्राम पंचायत में मंगलवार को कृषि विभाग द्वारा कैम्प आयोजित किया गया। 22 मई से 15 जून तक चलने वाले प्रधानमंत्री किसान लाभार्थी संतृप्तिकरण अभियान के अंतर्गत लगने वाले शिविर के दूसरे दिन कुल 4198 किसानों ने अपने डाटा संशोधन हेतु अभिलेख जमा किया, जिसमें से 1385 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया लंबित 2813 मामलों का निस्तारण जिला मुख्यालय से कराया जाएगा। उप कृषि निदेशक जय प्रकाश ने बताया कि कैम्प में किसानों की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में 15 जून तक किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील किया कि ऐसे किसान जिनके खाते में पैसा नहीं जा रहा है। अपने समस्त अभिलेख यथा आध ाार, बैंक पासबुक, खतौनी की छायाप्रति लेकर आना होगा। मौके पर उनके डाटा की त्रुटियों को ठीक किए जाने से उनके भी खाते में सम्मान निधि का पैसा जाने लगेंगे। शिविर में कृषि, राजस्व, पंचायत, डाक एव कामन सर्विस सेंटर के कार्मिक उपस्थित रहे। कैम्प में नए कृषकों का पंजीकरण, सत्यापन, मूमि सत्यापन, आधार सीडिंग तथा इकेवाईसी जैसे कार्य मौके पर ही किए गए।

15 खेलो के 32 अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षक की होगी तैनाती –उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह

जौनपुर सू.वि. : उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि उ0प्र0 शासन के निर्देश के अनुपालन में 15 खेलो– तैराकी, वॉलीबाल, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबाल, बैडमिण्टन, टेबुल–टेनिस, बास्केटबाल, कबड्डी, कुश्ती, बाक्सिंग, हैण्डबाल, जूडो एवं तीरन्दाजी के 44 छात्रावासों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता के दृष्टिगत 32 अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी/प्रशिक्षक की तैनाती किया जाना है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को जिन्हें विभिन्न छात्रावासों में प्रशिक्षक हेतु तैनात किया जाना उन्हें प्रतिमाह रू0 1.50 लाख मानदेय दिया जायेगा। ऐसे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी जो प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इच्छुक हों वे अपना 05 जून 2023 तक जिला खेल कार्यालय, जौनपुर अथवा क्षेत्रीय खेल कार्यालय, वाराणसी अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आवेदन के साथ विवाह पंजीकरण प्रमाण–पत्र अनिवार्य

जौनपुर सू.वि. : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आवेदन करने पर आवेदन के साथ विवाह पंजीकरण प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य था। दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग–2 के शासनादेश द्वारा विवाह पंजीकरण की अनिवार्यता को समाप्त कर दी गयी है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत ऐसे दम्पत्ति जिनमें युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15000 व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20000 तथा युवक–युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0 35000 की ध नराशि प्रोत्साहन पुरस्कार स्वरूप संयुक्त रूप से दी जाती है। योजना ऑनलाइन स्वरूप वेबसाइट http%//divyangjain.upsde.gov.in के माध्यम से संचालित है एवं आनलाइन आवेदन करते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम् फोटो, आयु प्रमाण–पत्र, जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, सक्षम प्राधिकारी के स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाणपत्र (आवश्यकतानुसार दम्पति में एक या दोनो का), बैंक खाता सम्बन्धी प्रपत्र, अधिवास प्रमाण–पत्र तथा आध ाार कार्ड की छायाप्रति को स्वप्रमाणित कर पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। योजनान्तर्गत जनपद पोर्टल पर अभी तक कोई आवेदन अपलोड नहीं हुआ है।

पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट
www.Desh ki upasana.com
का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।
–संपादक

हरदोई जिले के आयुष गुप्ता बने आईएएस

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिले के आयुष गुप्ता ने जनपद हरदोई का नाम रोशन किया। आईएएस की परीक्षा पास कर आयुष गुप्ता ने जनपद का नाम रोशन किया। जानकारी के अनुसार माधौगंज नगर निवासी ओमकार गुप्ता के पुत्र आयुष गुप्ता ने आईएएस की परीक्षा पास की। संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने से आयुष गुप्ता को पूरे जिले से बधाइयां मिल रहीं हैं।आयुष गुप्ता के आई ए एस बनने पर माधौगंज के साथ साथ पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है।

क्रिश्चियन कॉलेज चौराहे पर 27 को होगा भंडारा

लखनऊ ब्यूरो चीफ आर.एल. पाण्डेय : प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रिश्चियन कॉलेज चौराहा गोलागंज में ज्येष्ठ माह के शुभ अवसर पर बजरंगबली जी का भंडारा आयोजित किया जाएगा। यह भंडारा इस बार 27 मई शनिवार के दिन आयोजित होगा। भंडारे के आयोजक पं.अनुज मिश्र 'रिंकू' ने बताया कि इस बार भी इस भंडारे में सामाजिक समरसता की मिसाल देखने को मिलेगी,हमेशा की तरह इस भंडारे में हिंदू मुस्लिम दोनों एक होकर भंडारे में बढ़–चढ़कर सहयोग करेंगे। आयोजक भाजपा मध्य मंडल 3 के महामंत्री पं.अनुज मिश्र 'रिंकू' व हनुमत कृपा ट्रस्ट के महासचिव पं. अनुराग मिश्र ने बताया कि ज्येष्ठ का पूरा माह बजरंगबली को समर्पित होता है जिसमें पूरे शहर में सैकड़ों स्थानों पर जगह–जगह प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को भंडारों का आयोजन होता रहता है। पं.अनुराग मिश्र ने बताया कि लखनऊ शहर में यह परंपरा सैकड़ों वर्षों से चलती चली आ रही है जो धीरे धीरे पूरे प्रदेश में फैल गयी है क्योंकि पूरे वर्ष में एक ज्येष्ठ माह ही ऐसा माह है जिसमें सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है इसीलिए इस पूरे महीने जगह–जगह भंडारे व प्यासे को पानी व शरबत पिलाने की परंपरा रही है। पं.अनुज मिश्र 'रिंकू' ने बताया कि शनिवार को होने वाले भंडारे में हमेशा की तरह अनेकों राजनीतिक पार्टियों के नेता व गणमान्य व्यक्ति बजरंगबली की सेवा में उपस्थित रहेंगे।

थाना बक्शा के प्रभारी व अन्य सिपाहियो द्वारा गैर कानूनी व अमानवीय अत्याचार के आरोप में मजिस्ट्रीयल जॉच शंरू

जौनपुर सू.वि. : अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय, अर्चना ओझा ने अवगत कराया है कि जिला मजिस्ट्रेट, जौनपुर के पत्र दिनांक 20 मई 2023 के द्वारा श्री गोपाल सिंह पुत्र आद्या प्रसाद सिंह निवासी ग्राम सुरूवार पटटी थाना सिकरारा जौनपुर के द्वारा यह आरोप लगाये गये है कि थाना बक्शा के प्रभारी व अन्य सिपाहियो द्वारा गैर कानूनी व अमानवीय अत्याचार के विरूद्ध मजिस्ट्रेट जांच कराये जाने के वावत घटना दिनांक 14 मई 2023 को भूपाल सिंह जो भारतीय जनता पार्टी के जिला मन्त्री है, जो कोल्हनामऊ निवासी मंगता जाति के कुछ लोग सड़क पर जाम लगाये थे को समझाने बुझाने पहुंच गये और उपरोक्त मंगता को नैयतिक समर्थन देने के कारण थानाध्यक्ष बक्शा त्रिवेणी सिंह ने मेरे भाई भूपाल सिंह को लाठियो से बुरी तरीके से मारा पीटा, उनके शरीर पर बहुत से गहरी चोट लगी है तथा उनको धमकी दिया कि तुम्हारी नेता गिरी भूला दूंगा। इतना ही नही इलाका पुलिस थाना बक्शा उसी दिन शाम 8.00 बजे एक झूठे मुकदमे मे 105/2023 अन्य सह अभियुक्तो के साथ नामित कर दिया तथा अगले दिनांक 16 व 17 मई को रात्रि लगभग 1.00 बजे अपने गांव मे अपनी नमकीन के कारखाने पर मै सोया था, थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, एस0आई0 करीमुल्लाह, एस0आई0 गोपाल तिवारी, कान्सटेबल नन्दलाल यादव व अभिनित द्विवेदी एवं अन्य सिपाहियो द्वारा नमकीन कारखाने पर पहुंच कर मुझे वहां से उठा लिया और मुझे मारा पीटा मेरे कारखाने का ताला तोड़कर और मेरे कारखाने मे रखा तेल बेसन निर्मित एक कुन्टल नमकीन खराब कर दिया दराज से 10000 रूपया निकाल लिया तथा एक लाख रूपया का सामान नुकशान कर दिया, और कारखाने के बगल स्थित मड़हा को आग लगा दिये, उसी रात्रि को घर आ करके थानाध यक्ष त्रिवेणी सिंह 10 से 12 पुरूष सिपाहियो द्वारा महिलाओ को मारा पीटा गया तथा गले के चैन छिन ले गये तथा कान मे पहने जेवर को भी छिन लिया गया। महिलाओ के साथ कुकृत्य किया गया उसमे कोई भी महिला दरोगा व महिला सिपाही मौजूद नही था। उपरोक्त घटना से प्रार्थी के बूढ़े माता पिता एवं घर की महिलाये अपमानित महसूस कर रही है जिसकी मजिस्ट्रीयल जांच कराने की मांग की गयी है। उक्त प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जांच कराये जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट महोदय जौनपुर के आदेश द्वारा अतिरिक्त उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा को नामित किया गया है। उक्त प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जांच की जा रही है। इस सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि नोटिस तामिला/प्रेस विज्ञप्ति के एक सप्ताह के अन्दर मेरे न्यायालय कोर्ट नं0 16 अतिरिक्त उपजिलाधिकारी जौनपुर में उपस्थित होकर अपना मौखिक/अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

योग के माध्यम से होता है बच्चों में सर्वांगीण विकास –डॉ. ध्रुवराज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मां कौशिल्या सेकेंड्री स्कूल मोकलपुर नेवादा जौनपुर में चल रहे तीन दिवसीय योग व समर कैंप का समापन बुधवार को हुआ। योग शिविर के समापन अवसर पर योग गुरु डॉ ध्रुवराज ने बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, गरुण आसन, पादहस्त आसन, त्रिकोण आसन, करिचक्र आसन व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग गुरु डॉ ध्रुवराज ने बच्चों को बताया कि योग स्वभाव में आ जाए तब हर मुश्किल काम आसान हो जाता है। विद्यालय के प्रबंधक श्याम बहादुर यादव ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं बच्चों के स्वस्थ रहने से ही देश और राष्ट्र का विकास होगा इसलिए बच्चों को अपने स्वास्थ्य के लिए याददाश्त शक्ति बढ़ाने के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर अरविंद कुमार ने कहा कि सब रोगी की एक दवाई ऋषि–मुनियों ने योग बताई। इसीलिए बच्चों अभिवावकों और समस्त विद्यालय परिवार को प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। विद्यालय के प्रबंध

ान निदेशक सौरभ यादव द्वारा बताया गया की विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु योगा, खेलकूद, पुस्तकालय, कम्प्यूटर व विधिन्न विषयो के प्रयोगात्मक की सुंदर व्यवस्था की गई है। यहा का बच्चा चंद्रभान पाल नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके राम मनोहर लोहिया कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। इस सत्र में दिव्यांशु यादव ने हाईस्कूल की परीक्षा में 90.00: अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर डा अरविंद कुमार, विष्णु कुमार, शिव कुमार, सुरेंद्र कुमार, आकाश सिंह, मोनिका उपाध्याय, धर्मेंद्र पाल, कनीज सोगरा,रीता, ज्योति गुप्ता, सरिता, काव्या, रीना, रमाकांत आदि लोग उपस्थित रहे।

गौशाला में भी बनाई जा रही बिजली –कर्नल रामेंद्र सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कर्नल रामेंद्र सिंह ने बताया कि सिद्धपुर की गौशाला में जाने का अवसर प्राप्त हुआ। यह एक बहुत ही सुंदर गौशाला है। एक नए आविष्कार को देखा। यहां पर एक ट्रेड मिल जैसे दिखने वाले यंत्र पर बैलों को चलाकर बिजली पैदा की जाती है। ये अभी तक का इस तरह का विश्व का पहला आविष्कार है। जिसको पेटेंट भी मिल चुका है। इस प्रशंसनीय कार्य के लिए कर्नल रामेंद्र सिंह, प्रोफेसर इंद्रदेव सिंह, अमित अवस्थी संयोजक धर्म जागरण बाराबंकी व अन्य साथियों ने गौशाला संचालक का आभार व्यक्त किया।

चर्चित समाजसेवी राजेश कुमार को मिला पूर्वांचल गौरव सम्मान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग के शिक्षक एवं चर्चित समाजसेवी राजेश कुमार को मुंबई में कार्यरत, द्वारिका माई चैरिटी संस्था द्वारा, जौनपुर मे कार्यक्रम आयोजित कर पूर्वांचल गौरव सम्मान से नवाजा गया सराजेश कुमार जनपद में दिव्यांग बच्चों का निशुल्क स्कूल संचालित करते हैं। साथ–साथ असहाय लाचार दुर्घटनाग्रस्त लावारिस भूखे बूढ़े बीमार एवं अर्द्ध विक्षिप्त लोगों के कल्याण हेतु लंबे समय से अनवरत काम कर रहे हैं। एक बार पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति महोदया द्वारा सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। द्वारकामाई चैरिटी संस्था मुंबई में जो हर वर्ष विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा, मानव सेवा। कला, विज्ञान, साहित्य, और कृषि इत्यादि में निस्वार्थ भाव से काम कर

रहे हैं,सम्मानित करती है। समाजसेवी राजेश कुमार ने संस्था के अध्यक्ष गौरी शंकर चौबे का इस हेतु आभार प्रकट किया।

रिकार्ड आय देने वाले मुख्य चल टिकट निरीक्षकों का मण्डल रेल प्रबन्धक द्वारा किया गया सम्मान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में रिकार्ड 70 करोड़ 3 लाख की टिकट चेकिंग की आय अर्जित की गई। ज्ञातव्य हो कि पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मण्डलों लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर को मिलाकर टिकट चेकिंग की कुल आय 130 करोड़ अर्जित की गई। इस रिकार्ड आय के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक चन्द बीर रमण ने तीनों मण्डलों को मिलाकर रूपये 50 हजार का पुरस्कार प्रदान किया है। लखनऊ मण्डल को मुख्यालय द्वारा रू0 68 करोड़ का लक्ष्य निध ारित किया गया था जिसके सापेक्ष रू0 70 करोड़ 3 लाख की आय अर्जित की गई। इस उपलक्ष्य में मण्डल रेल प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ श्री आदित्य कुमार ने मुख्य चल टिकट निरीक्षक, रितेश विशाल, महेश प्रताप, के०के०कौशिक, अफजाल अहमद (सीआईटी), एस0पी0 सिंह (मुख्यालय) /लखनऊ, बी०डी०भट्ट, बृजेश कुमार सिंह, अजय कुमार मिश्रा सभी गोरखपुर एवं लाल जी चौहान, गोण्डा, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक / मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक व सहायक वाणिज्य प्रबन्धक (टिकट जॉच), लखनऊ श्री अम्बर प्रताप सिंह, अनुज कुमार सिंह व सुरेश कुमार संखवार उपस्थित थे तथा 50 लाख से लेकर 2 करोड़ तक की आय देने वाले 39 लोगों को वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक द्वारा भी सम्मानित किया गया जिसमें 02 लोग 02 करोड़ से ऊपर आय देने वाले व 01 मात्र महिला टीटीई श्रीमती पूजा भी शामिल है जिन्होनें 01 करोड़ से ऊपर की आय दी है।

जवाहर नवोदय विद्यालय जौनपुर में कक्षा 11वीं की पार्श्व प्रवेश परीक्षा प्रारम्भ

जौनपुर सू.वि. : जवाहर नवोदय विद्यालय मडियाहूं के प्राचार्य बाल कृष्णा द्वारा अवगत कराया गया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय जौनपुर में कक्षा 11वीं की पार्श्व प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जाना हैधकिया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी जो कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण कर चुके हैं आवेदन करना चाहते हैं वह संबंधित वेबसाइट www.navodaya.gov.in पर जाकर अपना फार्म भर सकते हैं।

सैनिक बन्धु की 25 मई 2023 को होगी बैठक

जौनपुर सू.वि. : ले0 कर्नल विजय अहलावत (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने अवगत कराया है कि इस माह की सैनिक बन्धु की बैठक 25 मई 2023 को समय 12.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में होगी। अधिक से अधिक संख्या में भूतपूर्व सैनिक उपस्थित हो।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
उनके पीछे चलो जिनकी सोच अच्छी हो, उनके बारें में सोचो जिनके कर्म अच्छे हों।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

एक वैश्विक छात्र का दृष्टिकोण : शिक्षा व छात्रों पर प्रभाव

यह लेख एक सामाजिक वैज्ञानिक के रूप में मेरा पहला प्रयास है कि मैं भारत के झारखंड राज्य में शिक्षा, छात्रों और इसके विकास के क्षेत्र में कदम रखूं, जहां से मैं आता हूं। झारखंड, जंगलों की भूमि है, जहां शक्तिशाली दामोदर नदी बहती है और प्रचुर मात्रा में कोयले और खनिजों के साथ इस भूमि को आशीर्वाद देती है। मैं 11वीं कक्षा का छात्र हूं और मेरे पिता भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। मेरा जन्म रियाद में हुआ था, जहां मुझे मेरी मां से शिक्षा मिली थी। मेरे पिता की पोस्टिंग फिलिस्तीन में हो गई और मेरी मां और मैं कुछ महीनों के लिए बिहार के एक छोटे से शहर भागलपुर में शिफ्ट हो गए। मेरे पिता एक कैरियर डिप्लोमैट और मां एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते स्थान बदलना बहुत अनियोजित था। मैं खुद महसूस कर पा रहा था मेरे माता–पिता ने मुझे भागलपुर के दूसरे प्ले स्कूल में भर्ती करा दिया। मैंने पहली बार देखा था कि कैसे जगह बदलने पर आधारभूत संरचना और बच्चे भी बदल जाते हैं। अपने आसपास की बदलती सामाजिक–आर्थिक स्थिति के बारे में मैं पहली बार महसूस कर पा रहा था। इसके अलावा हर बार एक स्कूल से दूसरे स्कूल, एक शहर से दूसरे शहर, एक देश से दूसरे देश और कभी–कभी एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप में जाने पर होने वाले बदलावों को मैं बारीकी से देख और समझ पा रहा था। मैं फिलिस्तीन राज्य की राजधानी रामल्ला, फिर दिल्ली, फिर भूटान, त्रिनिदाद और टोबैगो में शिफ्ट होता रहा और अंत में मुझे आंध्र प्रदेश में अपने बोर्डिंग स्कूल ऋषि वैली में स्थायी निवास मिला। मैंने वहां कक्षा 8 से 10वीं तक पढ़ाई की और वर्तमान में मैं महिंद्रा यूनाइटेड वर्ल्ड कॉलेज, पुणे में कक्षा 11 में हूं। लगभग 16 साल की उम्र में हर बात की समझ आने लगी और मुझे एहसास हुआ कि शिक्षा के विभिन्न स्थानों और तरीकों से मेरे जीवन में कितना अंतर आया है और कैसे विचारों में स्पष्टता आने से सोचने समझने की प्रक्रिया भी बेहतर होती है। अपने गृहनगर झारखंड में अपने दादाजी से मिलने जाने के दौरान मैंने कुछ स्कूलों और जिंदगी के अलग–अलग पहलुओं को देखा और महसूस किया। इस यात्रा के दौरान विकास का प्रासंगिक अर्थ और धरातल पर उसकी सच्चाई से जुड़े कई विचार–विमर्श मेरे दिमाग में आए। बुनियादी ढांचे, प्रकृति और लोगों के अवलोकन से मुझे सीखने का मौका मिला जो शायद पाठ्य पुस्तकों से हासिल कर पाना संभव नहीं था। जवाहर नवोदय विद्यालय यह लेख एक सामाजिक वैज्ञानिक के रूप में मेरा पहला प्रयास है कि मैं भारत के झारखंड राज्य में शिक्षा, छात्रों और इसके विकास के क्षेत्र में कदम रखूं, जहां से मैं आता हूं। झारखंड, जंगलों की भूमि है, जहां शक्तिशाली दामोदर नदी बहती है और प्रचुर मात्रा में कोयले और खनिजों के साथ इस भूमि को आशीर्वाद देती है। यहां की 40: आबादी गरीबी रेखा से नीचे है। अपने शोध ा के लिए मैंने अपने अध्ययन और समझ के लिए बोकारो और धनबाद में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) को चुना। जेएनवी का चुनाव इसलिए किया क्योंकि मैं इसके मजबूत लोकाचार में विश्वास करता हूं। जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) प्रतिभाशाली ग्रामीण बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के अवसर के लिए उनके शहरी समकक्षों को मिलने वाले अवसरों और सुविधाओं के जैसे ही अवसर और सुविधाएं मुहैया कराने के सरकार के प्रयास के प्रतीक हैं। इन विद्यालयों को नवोदय विद्यालय समिति, नोएडा द्वारा चलाया जाता है, जो भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (डवम) के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के तहत एक स्वायत्त संगठन है। जेएनवी पूरी तरह से आवासीय और सह–शिक्षा वाले स्कूल हैं जो छठी से बारहवीं कक्षा तक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के साथ संबद्ध हैं। शिक्षा पर राष्ट्रीय नीति, 1986 के कारण आज देश के प्रत्येक जिले में जेएनवी हैं। जेएनवी के लिए प्रवेश प्रक्रिया काफी कठिन है और सीबीएसई द्वारा ब्लॉक और जिला स्तर पर अखिल भारतीय स्तर पर वार्षिक रूप से आयोजित की जाती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ग्रामीण बच्चों को कोई नुकसान न हो, इस परीक्षा को वस्तुनिष्ठ और क्लासन्यूट्रल के आधार पर डिजाइन किया गया है। ऐसे चुने जाते हैं विद्यार्थी नामित जिले के जेएनवी में कम से कम 75: सीटें ग्रामीण क्षेत्रों से चुने गए उम्मीदवारों द्वारा भरी जाती हैं और शेष सीटें जिले के शहरी क्षेत्रों से भरी जाती हैं। इन विद्यालयों में जातिगत आरक्षण नीति का पालन किया जाता है। दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षण का प्रावधान है और कुल सीटों में से कम से कम एक तिहाई सीटें लड़कियों द्वारा भरी जाती हैं। बोकारो और धनबाद जिलों के जेएनवी स्कूल का दौरा छात्रों, उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं उन्हें दी जा रही शिक्षा को समझने और यहां के छात्र अपने जीवन में क्या बदलाव ला पाते हैं और जेएनवी के सामाजिक–आर्थिक प्रभाव की गहरी समझ हासिल करने के लिए किया। एक प्रश्नावली वाले सर्वेक्षण की मदद से पंद्रह छात्रों, तीन शिक्षकों और प्रत्येक स्कूल के प्रिंसिपल का साक्षात्कार लिया गया। आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के पांच ऐसे छात्रों जिन्होंने स्कूल में कम से कम दो साल बिताए हों, का साक्षात्कार लिया ताकि एक अलग नमूना सेट किया जा सके। सर्वेक्षण प्रश्नावली के डेटा से पता चला कि 30: छात्र पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी थे, 18: के पास अभी भी अपने घरों में शौचालय, नहाने की सुविधा और टैप वाटर की सुविधा नहीं थी, 30: के पास घर में नहाने की सुविधा नहीं थी, 30: के पास टैप वाटर नहीं था और 50: से अधिक लोगों के पास शुद्ध पेयजल की सुविधा नहीं थी। बातचीत, साक्षात्कार और स्कूल में 2 दिन बिताने के बाद छात्रों के बारे में मेरा अवलोकन इस प्रकार था:– 1. छात्र एक दूसरे का, शिक्षकों का और अपनों से बड़ों का सम्मान करते हैं। वे हिंदी और ठीक–ठाक अंग्रेजी और बांग्ला में बातचीत करने में निपुण थे। वे आसानी से प्रश्नों को समझ रहे थे और खुद से उनके उत्तर तैयार करते थे। मैं यह देखकर अभीभूत था कि इनमें से अधिकांश छात्र अपने घरों में आदिवासी/क्षेत्रीय भाषाएं बोलते थे। छात्रों में उत्साह साफ नजर आ रहा था। 2. छात्र जेएनवी में आने को एक ''सुनहरा अवसर'' या ''जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव'' मानते हैं और वे स्कूल में कराई जाने वाली लगभग सभी गतिविधियों जैसे– कला, नृत्य, संगीत, योग, शारीरिक प्रशिक्षण और सार्वजनिक मंच पर बोलना आदि में भाग लेकर इसका सर्वोत्तम उपयोग करने का प्रयास करते हैं। 3. छात्र जाति, रंग, धर्म या लिंग की परवाह किए बिना एक–दूसरे के साथ खेल रहे थे और गतिविधियों में एक साथ भाग ले रहे थे। इसकी पुष्टि इस तथ्य से की जा सकती है कि जब वे साक्षात्कार के लिए आए, तो वे खेल के मैदान या भोजन कक्ष में थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो लेकिन उनकी मित्रता हर जगह साफ नजर आ रही थी।सामाजिक राजनीति से दूर रहने पर, बच्चे विशेष रूप से आपस में कोई भेदभाव नहीं करते हैं। 4. कक्षाओं में छात्रों के लिए स्मार्ट बोर्ड और लैपटॉप और प्रोजेक्टर थे। उनके पास स्कूल में माइक्रोस्कोप और प्रयोगशाला उपकरण से लैस उच्च विद्यालय स्तर की प्रयोगशालाएं भी थीं। यहां एक शानदार पुस्तकालय था और वे हर दिन कम से कम डेढ़ घंटे एक साथ खेलते थे और इनके अध्ययन के घंटे निर्धारित थे। जेएनवी में छात्रों के पास सर्वोत्तम सुविधाएं हैं और वे अधिकतम उत्पादकता के लिए प्रेरित रहते हैं। 5. छात्र और शिक्षक के बीच मजबूत रिश्ता है और वे खुद को आपस में एक परिवार मानते हैं। उनका रिश्ता सिर्फ कक्षाओं तक ही सीमित नहीं है। शिक्षक, एक शिक्षक और मार्गदर्शक का कार्य करते हैं इसलिए छात्रों के लिए कक्षा के अंदर और बाहर अपने संदेह पूछने या स्पष्टीकरण मांगने के लिए शिक्षक से संपर्क करना आसान होता है। 6. छात्रों ने जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, कचरे के सुरक्षित निपटान, पानी की कमी और ग्लोबल वार्मिंग जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। ये छात्र स्थानीय संदर्भ के साथ–साथ वैश्विक संदर्भ दोनों में नतीजों से अवगत थे। वे इन मुद्दों से निपटने के लिए अपना अधिकतम प्रयास करने की कोशिश करते हैं। स्कूल में डिस्पोजेबल प्लास्टिक की वस्तुओं का लगभग कोई उपयोग नहीं होता है और वे घर पर भी ऐसा ही करने की कोशिश करते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

सेठ एमआर जयपुरिया गोयल कैंपस सभागार में ''भव्य सम्मान समारोह''

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शैक्षिक मानदंडों के विभिन्न आयामों को पूरा करते हुए बड़ी प्रसन्नता के साथ वर्ष 2022 –23 में शामिल हुए कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए छात्रों को प्रोत्साहित और सम्मानित करने के लिए सेठ एम.आर. जयपुरिया गोयल कैंपस, के सभागार में सभी छात्रों को उनके माता–पिता के साथ सम्मान समारोह में भाग लेने के लिए स्कूल में आमंत्रित किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री महेश अग्रवाल, अध्यक्ष(गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशनस,) प्रिंसिपल डॉ.रीना पाठक , डायरेक्टर श्री अरुण गक्कड़, डायरेक्टर श्री आलोक जैन(गोयल ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल) श्री सुशांत श्रीवास्तव (उपप्रधानाचार्य सीनियर विंग)श्रीमती शिल्पी जैन (उप प्रधानाचार्या जुनियर विंग) के द्वारा की गई। इस यादगार शाम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करने के साथ हुई। साइंस स्ट्रीम से बारहवीं कक्षा की अनुष्का जायसवाल, कॉमर्स स्ट्रीम से प्रांशु अग्रवाल, मानविकी से अभय सिंह यादव और दसवीं कक्षा के ओवरऑल टॉपर अनुष्का और महक खान को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभिन्न विषयों में अव्वल रहने वालों छात्रों को भी प्रति विषय नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में 90: और उससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया और सभी को प्रशंसा प्रमाण पत्र दिए गए। सभी माता–पिता को उनके वार्ड के साथ मंच पर बुलाया गया और श्री महेश अग्रवाल और डॉ. रीना पाठक द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक की सराहना की । प्रत्येक परिवार को सकारात्मकता और अच्छाई के प्रतीक के रूप में एक एक पौधा भी उपहार में दिया गया। छात्रों को बधाई देते हुए गोयल ग्रुप ऑफ

इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष श्री महेश अग्रवाल ने कहा: "मुझे यह देखकर बेहद खुशी हुई कि हमारे स्कूल के छात्र पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं जो उनकाआज का परीक्षा परिणाम दर्शाता है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम100 प्रतिशत रहा है। सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल गोयल कैंपस छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी अपना समर्थन देना जारी रखेगा ऐसा आश्वासन चेयरमैन सर ने सभी को दिया। प्राचार्या डॉ. रीना पाठक ने सभी विद्यार्थियों को दसवीं और बारहवीं की सफलता पर बधाई दी। उन्होंने छात्रों को कुछ नया सीखने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत, ज्ञान और ईमानदारी के मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने उनके प्रयासों के लिए समस्त शिक्षण संकाय और उपस्थित माता–पिता को इस अवसर पर धन्यवाद दिया। इस समारोह का समापन माता–पिता, छात्रों और सेठ एम.आर जयपुरिया गोयल कैंपस की टीम के साथ एक सामूहिक तस्वीर के लिए हुआ, ताकि इस पल को कैद किया जा सके और आने वाले वर्षों में इसी प्रकार का जश्न मनाया जा सके। प्रिय मेहमानों के आनंद लेने, हाई टी, कुछ अच्छे संगीत और उपलब्धियों और आगामी सफलता के बारे में बात करने के साथ शाम का समापन खूबसूरती से हुआ।

दबंगों ने ढहा दी महिला की दीवार : पुलिस कप्तान ने कार्यवाही के दिये निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के अधियौना गांव निवासी एक महिला द्वारा अपने खाते की भूमि निर्मित कराए जा रहे मकान की दीवाल को दबंगों व भारतीय किसान यूनियन के तथाकथित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गिरा दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।दबंगों की करतूतों से आहत पीड़ित महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार की है। हालांकि पुलिस ने भी मामले में मुकदमा कायम किया जाना तो दूर मौके तक पहुंचने की जहमत सकी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार खंडासा थाना क्षेत्र के अधियौना निवासी महिला सरोज कुमारी पत्नी काली प्रसाद ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपनी भूमि गाटा संख्या 226 में अपना मकान बनवा रही है। गांव के ही रिखीराम, खुसीराम मंहगू राम, अमन, दृगपाल एवं तुलापुर निवासी रमेश कुमार तिवारी और सोहनलाल निवासी सैदखानपुर द्वारा मकान की दीवार को गिरा दिया है। शिकायतकर्ता महिला ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि रमेश कुमार तिवारी का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है और अब भारतीय किसान यूनियन का पदाधिकारी सदस्य बनकर उसी की आड़ में बनाता रहता है।पीड़ित महिला का आरोप है कि तहसील प्रशासन पर दबाव बनाकर उसके पति शांति भंग में चालान करवाते हुए एसडीएम माध्यम से जेल भिजवा दिया था। उधर पति के जेल जाने के बाद उपरोक्त लोगों द्वारा महिला की दीवार गिरा दी गई।महिला का आरोप है कि उपरोक्त लोगो के द्वारा बीते 22 की शाम करीब 7:30 बजे उसे और उसकी दो नाबालिग बेटियों को मारा पीटा गया है। स्थानीय पुलिस उपरोक्त दबंगों के प्रभाव में आकर मामले में उनके खिलाफ कोई भी कार्यवाही करने से कतरा रही है।पीड़ित महिला की व्यथा सुन एसएसपी ने मामले में तत्काल प्रभावी कार्रवाई के आदेश भी दे दिए हैं।

थानाध्यक्ष जीआरपी में तैनात आधा दर्जन कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल बने पुलिस कर्मियों को दी बधाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थानाध्यक्ष जीआरपी अयोध्या कैंट सूर्य प्रकाश शुक्ला ने अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन व चौकी पर तैनात आधा दर्जन कांस्टेबल की प्रोन्नति हेड कांस्टेबल पद पर होने पर उन्हें फित्ती लगातार उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।उन्होंने वहां पर तैनात कांस्टेबल सर्वेश कुमार पाल,अखिलेश कुमार यादव,शैलेंद्र कुमार,जय दयाल,मनोज कुमार तथा राम आशीष निषाद को प्रोन्नति होने पर मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दिया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी मंजिल वही प्राप्त करता है जिनके अंदर अनुशासन, लक्ष्य प्राप्त करने की क्षमता के साथ साथ

सहनशीलता होती है। इस मौके पर थाना जीआरपी अयोध्या कैंट के सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान पर ड्रीमलैण्ड महोत्सव का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को लुभाने के लिए तमाम तरह के आकर्षक झूले व स्टाल जगह जगह पर लगाए जा रहे हैं ।इसी कड़ी में जौनपुर में ड्रीमलैण्ड महोत्सव का आयोजन नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान पर किया गया है।महोत्सव का उद्घाटन गिरीश चन्द्र यादव राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा किया गया। उद्घाटन के उपरांत राज्य मंत्री गिरीश चंद यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के साथ–साथ बड़ों को भी मनोरंजन का मौका मिलता है इस तरह की महोत्सव आयोजित करने से शहर का वातावरण भी कुछ समय के लिए जरूर बदल जाता है गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को इस तरह की चीजें देखने को मिलती हैं जिससे उन्हें तमाम तरह की रोचक जानकारियां प्राप्त होती हैं देश विदेश की जानकारियां उन्हें चित्रात्मक रूप में प्राप्त होती हैं जिससे बच्चों का मन भी बदल जाता है इसी बहाने माता–पिता को भी बच्चों के साथ समय व्यतीत करने का मौका मिलता है जो इस समय नितांत आवश्यक है बच्चों के अंदर तमाम तरह की प्रतिस्पर्धाओं का भी उदय इन चीजों को देखकर होता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि

के रूप में मनोरमा मौर्य अध्यक्ष नगर नगर पालिका परिषद उपस्थित रही। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव सभासद विपिन सिंह, सरोज श्रीवास्तव आदि लोगो उपस्थित रहे। महोत्सव के मैनेजर शिव शंकर सिंह ने बताया कि इसमें मुख्य आर्कषण का केन्द्र दुबई सिटि थीम पार्क है। न दुबई जाना जब दुबई सिटि आफ शहर जौनपुर मे ही आपको परिवार समेत आर्पित कर रही है। साथ ही विदेशी झूले के साथ दो माह के लिये यहाँ पर ज्वाइन्ट व्हील झुला, सिलाम्बा झूला, वेडा झुला, आक्टोपस झूला, नाव वाला झूला स्टेटिंग कार झूला पहली बार डबल डिस्क झूला के साथ जपानी चिल्ड्रेन पार्क लगाया गया है। जिसमे बोन्सी, भूतबंगल हाथी जीपकार, घुम, बतरत आदि दर्जनो छोटे बड़े झूलों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही लजीज व्यंजन भी यहां उपलब्ध है जिसमें खासकर दिल्ली के छोले भटूरे बम्बई की भेलपुरी, चाऊमीन व चाट आदि के स्टाल लगाये गये है। है। देश विदेश की विभिन्न कंपनियों की दुकानें भी लगाई गई हैं।

स्वच्छता सम्बंधित कार्यो का निरीक्षण करने के लिए नीदरलैंड से हरदोई आए दो सदस्य

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन तथा नगर पालिका परिषद हरदोई द्वारा चलायी जा रही खुशहाली स्वच्छता परियोजना के अंतर्गत हो रहे स्वच्छता सम्बंधित कार्यो का निरीक्षण करने के लिए नीदरलैंड से फिनिश सोसाइटी टीम के दो सदस्य जनपद हरदोई आये। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा घर घर कूड़ा कलेक्शन, पृथकीकरण की प्रक्रिया देखी गई व घर घर जाकर लोगों से बातचीत की गई। वार्ड 21 एवं 05 में कंपोस्ट इकाई का निरीक्षण किया व स्वच्छता के क्षेत्र मे हो रहे प्रयासों की सराहना की। वार्ड में गठित बालसेना तथा मोहल्ला कमेटी से बातचीत की तथा उनके विचारों को जाना। सम्पूर्ण निरीक्षण के दौरान नगरपालिका परिषद् हरदोई के

डीपीएम पुष्पेन्द्र सिंह साथ रहे। निरीक्षण के पश्चात नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल के साथ बैठक की गयी। बैठक के दौरान फिनिश टीम का पूर्ण सहयोग देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। अधिशासी अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर विदेशी मेहमान का स्वागत किया गया।

विज्ञान नगरी में समर वेकेशन हॉबी कैम्प का आयाजन : पहले आओ पहले पायो के आधार पर हो रहे पंजीकरण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : बच्चों की गर्मी की छुटिटयां होते ही अभिभावकों के सामने यक्ष प्रश्न होता है कि छुटिटयों में बच्चे ऐसा क्या करें कि समय का सदुपयोग हो जाय। कई स्कूलों में भी अतिरिक्त कमाई करने के उद्देश्य से समर हॉबी क्लासेस चलायी जाती है। ताकि बच्चे कही और न जाय। परन्तु आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ ऐसे बच्चों को कुछ नया अनुभव करने व सीखने के साथ मस्ती करने का एक बड़ा मंच प्रदान करता है। विज्ञान नगरी में बच्चों के लिये प्रथम ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर का आयोजन शुरू हो चुका है। जिसमें बच्चें अपने विषयों से हट कर वैज्ञानिक अभिरूचि वाले साइंटिफिक टॉय मेकिंग, एस्ट्रोलैब, फन विद इलेक्ट्रॉनिक्स और रोबोटिक्स जैसे छः विषयों में भाग ले सकते है। जहां विज्ञान नगरी द्वारा उपलब्ध कराये गये उपकरणों व सामानों से बच्चों को प्रोजेक्ट बनाना सिखाया जाता है। विज्ञान अधिकारी रामकुमार ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को उनकी रचनात्मक प्रतिभा को पोषित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है और उन्हें नवीन विज्ञान परियोजनाओं को बनाने में प्रशिक्षित करना है। पूरे पाठ्यक्रम को इस तरह से डिजाइन किया गया है ताकि उन्हें अपने स्कूल के पाठ्यक्रम में भी मदद मिल सके। वही विज्ञान अधिकारी कार्तिकेय चटर्जी ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रथम शिविर में सत्तर से अधिक बच्चे प्रतिभाग कर रहे है। दूसरा अभिरूचि शिविर उन्तीस मई को व तीसरा शिविर पांच जून 2023 से आयोजित किया जायेगा। सीटे सीमित होने के कारण पहले

आओ पहले पायो के आधार पर पंजीकरण किये जा रहे है। आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का प्रथम बैच आज आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ में बड़े उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ, जिसमें लगभग 70 छात्रों ने क्रिएटिव किड्स आर्ट, दो समूहों में में प्रतिभागिता कर रहे हैं । का प्रशिक्षण इत्यादी शामिल है। पूरे पाठ्यक्रम को इस तरह से डिजाइन किया गया है ताकि उन्हें अपने स्कूल के पाठ्यक्रम में भी मदद मिल सके। आज प्रथम दिवस में सभी प्रतिभागियों को शिविर के बारे में समुचित परिचय दिया गया और शिविर से सम्बंधित सामग्री प्रदान की गई। प्रतिभागियों के लिए 'सुपर कूल शो' पर एक रोमांचक विज्ञान प्रदर्शन आयोजित किया गया तथा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में पहले दिन के प्रोजेक्ट्स भी पूर्ण किए गये। सभी बच्चे अपनी प्रतिभागिता को लेकर अति उत्साहित दिखे।इस सम्बन्ध में विद्यार्थीयों को यह भी अवगत करना है की दूसरे एवं तीसरे शिविर हेतु पंजीकरण चालू हैं जो कि क्रमशः 29 मई 2023 और 5 जून 2023 से आयोजित किया जायंगे तथा केवल कुछ ही सीटें शेष हैं। उपरोक्त शिविरों में भाग लेने के इच्छुक छात्र आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ में पंजीकरण हेतु सीधा संपर्क कर सकते हैं। चूंकि शिविरों में सीटें सीमित हैं, प्रविष्टियां पहले आओ – पहले पाओ के आधार पर पंजीकरण फॉर्म दिये जायंगे।

महासंपर्क अभियान और कार्यकर्ताओं के दम से जीतेंगे 2024 –राम बहादुर सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज हरियावां मंडल की भाजपा महासंपर्क अभियान की बैठक ब्लॉक सभागार हरियावां में हुई। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा/पीसीएफ डायरेक्टर राम बहादुर सिंह रहे स कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। राम बहादुर ने कहा, महासंपर्क अभियान 01 जून से 30 जून तक है। जिसमें 20 जून तक प्रबुद्ध, व्यापारी, मोर्चों के सम्मेलन लोकसभा क्षेत्र स्तर पर होंगे। इसके बाद 21 से 30 जून तक सभी बूथों की बैठक चलेंगी। 21 जून को योग शिविर और 25 जून को मन की बात कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि सहित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन जिला सह संयोजक आशुतोष बाजपेयी आजाद ने किया। इस मौके पर जिला मंत्री मीना वर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य/पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडेय, कवि सतीश शुक्ला, मुनेंद्र सिंह, पूर्व जिला महामंत्री रणवीर सिंह, मंडल महामंत्री इंद्रेश मिश्रा, प्रमोद सिंह, पुनीत पांडे, निशांत सिंह, नितिन कुमार, रतिराम,मनोज राठौर,रजत सिंह, अश्वनी त्रिपाठी, प्रधान व बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

यूपी के सभी मेडिकल संस्थानों में खुलेगा इमरजेंसी मेडिसिन विभाग : आदेश जारी

लखनऊ ब्यूरो : सरकारी मेडिकल कॉलेज व संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खोलने की कवायद तेज हो गई है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने सभी मेडिकल विश्वविद्यालय, कॉलेज और शैक्षिक संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग को अनिवार्य कर दिया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने चिकित्सा शिक्षा विभाग सभी मेडिकल संस्थानों में विभाग की स्थापना को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसका आदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने जारी कर दिया है। यूपी के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। मेडिकल विश्वविद्यालय और संस्थानों में इमरजेंसी सेवाएं चल रही हैं। मरीजों को और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए एनएमसी ने इमरजेंसी मेडिसिन विभाग की स्थापना के निर्देश दिये। इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी मेडिकल कॉलेज व संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खोलने की कवायद तेज कर दी है। डिप्टी सीएम के निर्देश पर प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने 23 मई को आदेश जारी कर दिया है। जल्द मिलेगा सटीक इलाज उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं को और बेहतर बनाने की

दिशा में कदम उठाये जा रहे हैं। केजीएमयू, लोहिया संस्थान समेत अन्य शैक्षिक संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग संचालित हो रहा है। नए मेडिकल कॉलेजों में विभाग की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं। इमरजेंसी की दशा में सबसे पहले मरीज इसी विभाग में आएंगे। यहां विशेषज्ञ डॉक्टर रोगियों के लक्षणों के आधार पर मर्ज की पहचान करेंगे। इलाज की दिशा तय करेंगे। हर जिले में मजबूत होगी इलाज की व्यवस्था डिप्टी सीएम ने कहा कि सभी मेडिकल संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग बनने से गंभीर रोगियों को बड़े अस्पतालों तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इससे बड़े अस्पतालों में मरीजों का दबाव कम होगा। गंभीर मरीजों को आसानी से इलाज मिल सकेगा। मेडिकल छात्र क्लीनिकल ज्ञान भी हासिल कर सकेंगे।

पेट्रोल पम्प मैनेजर से अराजक तत्वों ने की मारपीट : पुलिस ने दो को लिया हिरासत में

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पित्तूपुर स्थित शमशेर फिलिंग स्टेशन पर मंगलवार की रात लगभग दस बजे बाईक मे पेट्रोल डलवाने आये तीन युवको से पेट्रोल पम्प के मैनेजर से किसी बात को लेकर मारपीट कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो को हिरासत मे ले लिया। जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव निवासी शमशेर का पेट्रोल पंप गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पित्तूपुर गांव में स्थित है। मंगलवार की रात एक बाइक पर सवार तीन युवक पेट्रोल भरवाने पंप पर आए। आरोप है कि इस बीच पेट्रोल भरने वाली पाइप पर युवकों की बाइक चढ़ गई। जिस पर पेट्रोल पंप पर तैनात मैनेजर बृजेश ने उन्हीं लोगों को मना किया। इस बात से नाराज युवक मैनेजर से उलझ गए तथा उसे मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर गौराबादशाहपुर थाने के उप निरीक्षक इष्ट देव पांडेय मय फोर्स मौके पर पहुंच गए तथा दो युवकों को हिरासत में ले लिया। एक युवक भागने में सफल रहा। इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर रमेश कुमार ने कहा कि अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी।

छत से गिरकर 27 वर्षीय विवाहिता की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सकरा में 27 वर्षीय विवाहिता की बुधवार की भोर में 3:00 बजे छत पर से नीचे गिरने से मौत हो गयी। दाह संस्कार के लिए ले जा रहे परिजनों के साथ में जा रहे भाई के शिकायत पर शव को पुनः रामपुर थाने लाया गया। जहां से पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया । पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त विवरण के अनुसार प्रीति सिंह पत्नी राहुल सिंह उम्र 27 वर्ष बुधवार की भोर में लगभग तीन बजे बरसात होने के भय से अचानक छत से नीचे गिर पड़ी जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थी। रामपुर उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों द्वारा मायके वालों ने को जानकारी देने के पश्चात मृतका का भाई अतुल सिंह आ गया ।सहमति से शव दाह संस्कार करने वाराणसी जा रहे थे कि अचानक भाई अतुल सिंह को आशंका हुई वह शव को पोस्टमार्टम करने की बात कहते हुए कंट्रोल रूम जौनपुर को फोन कर दिया। पुलिस ने शव को पुनः वापस मंगा कर पोस्टमार्टम कराने हेतु भेज दिया। मौके पर नवागत सीओ मड़ियाहूं जोब सिंह व थानाध्यक्ष रामपुर चंदन राय के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया । इस बाबत सीओ जोब सिंह व थानाध्यक्ष चन्दन राय ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विवाहिता की शादी जून 2019 में रामपुर थाना क्षेत्र के भगेरी गांव के सुरेंद्र प्रताप सिंह के पुत्री के साथ हुआ था।

पारिवारिक कलह से तंग अधेड़ ने ट्रेन से कट कर किया आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थाना अंतर्गत वाराणसी जफराबाद रेल प्रखंड पर लालपुर गांव स्थित रेलवे क्रासिंग गेट संख्या 30सी पर मागलवार को एक अधेड़ ने ट्रेन के नीचे मुड़ी डालकर आत्महत्या कर लिया ।घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई ।लेकिन मामला जीआरपी के अधिकार क्षेत्र का होने के कारण वापस चली गई। 11: 8 बजे डाउन लाइन पर मालगाड़ी एम टी बाक्स जौनपुर से वाराणसी की तरफ जा रही थी ।तभी एक अधेड़ व्यक्ति ट्रेन के नीचे घुस गया जिससे उसकी तत्काल मौके पर मौत हो गई ।घटना स्थल रेलवे क्रासिंग पर होने की वजह से मौके पर काफी भीड़ जुट गई ।लेकिन तत्काल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाया ।गेट मैन सुधाकर यादव ने घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दिया है स्टेशन मास्टर ने जीआरपी जौनपुर को सूचना दे दिया है ।घटना के बाद पहुंची जीआरपी शव को कब्जे में लेने की कार्यवाई कर रही थी तभी मृतक के परिवार के लोग रोते बिलखते पहुंच गए ।और मृतक की पहचान 65 वर्षीय बाके बिहारी शर्मा निवासी छातीडीह पराउगंज थाना जलालपुर के रूप में किया ।इसके बाद जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगो कि माने मृतक परिवारी कलह से तंग आकर आत्महत्या किया है।

राजकीय महिला अस्पताल में दुर्व्यवस्थाओं की काली छाया : वार्ड आया के सहारे चल रहा है राजकीय महिला अस्पताल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज तहसील अंतर्गत नगर के आजमगढ़ रोड स्थित राजकीय महिला अस्पताल सिर्फ वार्ड आया के सहारे चलाया जा रहा है अस्पताल में तमाम परेशानियां दुर्व्यवस्थाओं की काली छाया है। पानी शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं नदारद है। अस्पताल में तकरीबन एक वर्ष से महिला चिकित्सक की तैनाती नही हो सकी ।अस्पताल में तैनात वार्ड आया दुर्व्यवस्थाओं को लेकर दुखड़ा रोते नजर आ रही हैं। स्थानीय नगर के आजमगढ़ मार्ग पर स्थित महिला अस्पताल बना हुआ है ।जर्जर भवन में स्थित चिकित्सालय में तमाम परेशानियां हैं ।जिससे न सिर्फ मरीज परेशान होते हैं , साथ में चिकित्सालय के कर्मचारियों को भी इन समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। बेडो से निकलती है तीव्र दुर्गंध कहने को तो महिला चिकित्सालय में 6 बेड की सुविधा उपलब्ध है ।लेकिन अस्पताल में महज तीन बेड ही पड़े हुए हैं ।वह भी दुर्व्यवस्था से ग्रस्त ।इन बेडों से तीव्र दुर्गंध निकलती है ।इन पर लोगों को लिटाकर कैसे उपचार किया जा सकता है ।यह समझ पाना मुश्किल है ।इस कमरे में खड़े हो पाने में ही परेशानी होती है ।अगर यहां पर मरीजों को भर्ती कर दिया जाए तो उनकी तबीयत ठीक होने की वजह है बिगड़ सकती है ।इस समस्या की ओर अस्पताल से जुड़े लोगों का ध्यान नहीं जाता। जो उनके गैर जिम्मेदाराना रवैये की घोतक है ।उपकरण पर फांक रहे हैं धूल महिला अस्पताल में लोगों को कितना चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो पाती होगी। इस बात को ऐसे ही समझा जा सकता है कि मरीजों को देखने के लिए उपकरण तो मौजूद है लेकिन कोई चिकित्सक मौजूद नही है। जांच के लिए उपकरण तो मौजूद हैं लेकिन उसको चलाने वाली कोई महिला चिकित्सक मौजूद नही है। जिसकी वजह उपकरण पडे पडे जंग और धूल फांक रहे हैं। नगर की महिलाएं अस्पताल में चिकित्सक की तैनाती न होने के कारण निजी नर्सिंग होम का सहारा ले रही है। राजकीय महिला अस्पताल में वैसे तो चिकित्सक समेत छ लोगों की तैनाती है। लेकिन मौजूदा समय में सिर्फ वार्ड आया ही पूरे अस्पताल की जिम्मेदारी उठा रखी है। रात में रहता है महिला अस्पताल में अंधेरा अस्पताल में लाइट की सुविधा न होने के कारण रात में अंधेरा छाया रहता है जिसकी वजह से अराजक तत्वों द्वारा अस्पताल के खिड़कियां और दरवाजे में लगे ताले तोड देते हैं। जब से महिला अस्पताल में तैनात चौकीदार रिटायर हुआ है। तब से नवीन चौकीदार की तैनाती नही हुई है। वार्ड आया सबनम का कहना है कि रात के अंधेरे में भय लगता है। इसलिए यहां पर रहने का मन नही करता। टूटी है खिड़कियां और बंद पड़ा शौचालय अस्पताल में तमाम परेशानियां हैं ।इस अस्पताल के कमरों की खिड़की टूटे हुए हैं ।जिससे गंदगी अंदर पहुंचती रहती है ।इतना ही नहीं अस्पताल में बना शौचालय भी बंद पड़ा हुआ है ।तमाम परेशानियों के बीच लोगों के मदद के लिए वार्ड आया सबनम खडी रहती है । इस संबंध में पूछे जाने पर पुरुष अस्पताल के अधीक्षक रफीक फारुकी का कहना है कि बजट के अभाव में राजकीय महिला अस्पताल का सुंदरी करण नही हो पा रहा है। अस्पताल से अभी तक किसी महिला चिकित्सक की नियुक्ति नही हुई है। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दिया गया है।

किसान सम्मान निधि योजना के अतर्गत लगे कैम्प का वीडियो ने किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोतवालपुर और मोहम्मदपुर कांध में किसान सम्मान निधि संतृप्तिकरण कैम्प बीडीओ काशीनाथ सोनकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान बीडीओ ने आवश्यक विन्दुओं पर उपस्थित कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने उपस्थित लोगों को बताया कि जिन किसानों के पास दो हेक्टेयर से कम कृषि भूमि है उनको पीएम किसान योजना का लाभ प्रति वर्ष दो हजार रुपए की तीन किस्तों में दिया जाएगा। बीडीओ ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र किसान सम्मान निधि योजना से वंचित न रह पाए। इस अवसर पर एडीओ एजी रामआजाद ने बताया कि ऐसे कृषक जिनको किसी तकनीकी कारणों से किसान सम्मान निधि की धनराशि नही मिल रही है या जो कृषक इस योजना का लाभ लेने से छूट गए हैं उनके निस्तारण हेतु कैम्प का आयोजन किया गया है। ग्राम पंचायत कोतवालपुर और मोहम्मदपुर कांध में आए कुल 40 आवेदन और शिकायतों में से सोलह का मौके पर ही निस्तारित किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यक अभिलेख लेकर कार्यवाही की गई। इस दौरान एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार , लेखपाल संतोष गिरी, हरिकेश विश्वकर्मा, प्राविधिक सहायक मेराज खां, राजकुमार , ग्राम प्रधान राजेश यादव, रूपेश राव, सदस्य अनिल यादव , पंचायत सहायक सोनामनी यादव सीएससी धीरज विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

तालाब से मिट्टी निकालते समय बालक का पैर गहरे गड्ढे में फिसलने से मौत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : दोस्तों के साथ तालाब से मिट्टी लेने गए बालक का पैर फिसलने से गहरे गड्ढे में चला गया । जब तक उसे निकाला जाता तब तक उसकी मौत हो गई । घटना से परिजनों में कोहराम मच गया । मंगलवार को गढ़ी रसूलपुर गांव निवासी अमित कश्यप का 12 वर्षीय पुत्र शोभित अपने चार –पांच दोस्तों के साथ तालाब से मिट्टी निकालने गया था । उसी समय मिट्टी निकालते समय अचानक उसका पैर गहरे गड्ढे में फिसल गया। जब तक उसके दोस्त निकालने का प्रयास करते तब तक और गहराई में चला गया। घटना की सूचना उसके दोस्तों ने परिजनों को दी तो परिजन तालाब के पास पहुंचकर किसी तरह से उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी । ऐसे में पूरे घर में कोहराम मच गया । बताया जाता है कि मृतक के पिता राघौपुर चौराहे पर फल का ठेला लगाते है । शोभित कक्षा 6 का छात्र था उसकी अचानक मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है । चौकी इंचार्ज बालेश्वर मिश्र ने बताया कि घटना के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

अब आय जाति और निवास प्रमाण पत्र से भी जुड़ेगा लोगो का आधार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश शासन ने सभी डीएम को आदेश जारी कर आय जाति निवास प्रमाणपत्र को आधार से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद ने आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए आधार को लिंक करना अनिवार्य कर दिया है ।राजस्व परिषद की सचिव और आयुक्त मनीषा त्रिघाटिया ने सोमवार को इस संबंध में सभी डीएम को निर्देश भेज दिया है। जिले स्तर पर आय, जाति, निवास और हैसियत प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। इसके लिए अभी आधार की छाया प्रति तो ली जाती है, लेकिन इसे लिंक नहीं किया जाता था। लोग अपनी जरूरतों के आधार पर इसे बनावते रहते हैं। नियमतः यह प्रमाण पत्र तीन साल के लिए मान्य होता है ।अब आय जाति निवास को आधार से लिंक करना अनिवार्य कर दिया गया है।

तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलटी : मां बेटे घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के चोरसंड गांव के पास हुए एक हादसे में तेज रफ्तार बाइक सवार चोरसंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार पुत्र व उसकी मां घायल हो गई। खुटहन थाना क्षेत्र के गैरवाह निवासी संगीता देवी अपने पुत्र के साथ मंगलवार को सुबह बाइक से आजमगढ़ की तरफ किसी कार्य से जा रही थी। तेज रफ्तार बाइक गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर– आजमगढ़ हाइवे पर चोरसंड सीएचसी के सामने अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के फलस्वरूप बाइक पर सवार संगीता देवी 42 व उनका बेटा घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी चोरसंड के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। संगीत के सिर में गंभीर चोट आई है।

ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर कोतवाली थाना अंतर्गत जफराबाद–सुल्तानपुर रेलप्रखंड पर सोमवार की रात ट्रेन के सामने कूद कर एक अज्ञात व्यक्ति ने आत्महत्या कर लिया । स्टेशन मास्टर रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णा नगर शशि अतुल की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णानगर व हरपालगंज के बीच रेलवे क्रासिंग विठुआकला के पश्चिम सियालदह से चल कर जम्मूतवी हमसफर एक्सप्रेस के सामने कूद कर एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक ने आत्म हत्या कर लिया! घटना सोमवार रात 2.22 बजे की है। घटना के बाद लोको पायलट गुलशेर अली ने हरपाल गंज रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर आकाश जायसवाल को घटना की जानकारी देते हुए ट्रैक खाली कराने के लिए मेमो दिया। प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा।

गैंगस्टर एक्ट के आरोपित गिरफ्तार : पुलिस ने भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक अजय शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं अशोक कुमार सिंह के कुशल परीक्षण में थानाध्यक्ष सुरेरी अश्वनी कुमार दुबे की देखरेख में उपनिरीक्षक धर्मेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव कांस्टेबल इकबाल के द्वारा विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट मुकदमा नंबर 163ध्97 के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ लुटरी सिंह पुत्र रामराज सिंह निवासी पृथ्वीपुर को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं थानाध्यक्ष सुरेरी अश्विनी कुमार दुबे ने बताया कि आरोपित कई महीनों से न्यायालय से फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया गया हैं।

फार्च्यूनर की चपेट में आने से बालक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नम्बर 13 पुरानी बाजार में एक फॉर्च्यूनर कार की चपेट में आने से 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 पुरानी बाजार निवासी मोहम्मद इश्तियाक का 10 वर्षीय बेटा राकिब उर्फ अशद वार्ड नंबर 13 पुरानी बाजार में चक मार्ग पर खेल रहा था। उसी दौरान उधर से गुजर रही एक फॉर्च्यूनर कार की चपेट में आने से राकिब उर्फ असद बुरी तरह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मां शकीला की तहरीर पर पुलिस संबंधित धारा में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुटी हुई है। बालक की मौत की खबर मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर से लेकर कोतवाली तक ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। राकिब की मौत के बाद उसका बड़ा भाई अनस मां शकीला चाचा इसराइल बाबा मुहम्मद घूरे तथा बहन इतुरा अंसारी 13 वर्ष का रोते–रोते बुरा हाल हो गया है। प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि घटना के संबंध में मृतक की मां की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

घर से कपड़ा सिलवाने निकली युवती लापता : अनहोनी की आशंका से परिजन भयभीत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर ठकुरची निवासी रमेश निषाद की 21 वर्षीय पुत्री मानसी निषाद बीते 19 मई को घर से सुबह 11 बजे बाजार में अपना कपड़ा सिलवाने के लिए निकली थी, और लापता हो गई। परिजनों ने हर संभव जगह पर उसकी तलाश की। उसके न मिलने पर गौराबादशाहपुर थाने पर तहरीर देकर युवती को ढूढने की गुहार लगाई। युवती के पिता रमेश निषाद का कहना है उसकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी न हो जाय। इस आशंका से उसका पूरा परिवार भयभीत है। इस मामले में गौराबादशाहपुर थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक रमा शंकर पांडेय ने बताया कि मामले में गुमसुदगी की रिपार्ट दर्ज की गई है। पुलिस अपने स्तर से उक्त युवती की तलाश कर रही है।

द्वारकामाई चैरिटी संस्था द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : द्वारकामाई चौरिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी शंकर चौबे व उनकी टीम द्वारा पूर्वांचल गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया परियावा गांव में किया गया।मुख्य अतिथि अपना दल एस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कलाकारों प्रतिभाओं एवं जनप्रतिनिधियों का पूर्वांचल गौरव सम्मान, स्मृति चिन्ह,पुष्पगुच्छ,अंगवस्त्रम भेंट एवं माल्यार्पण करके भव्य स्वागत किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमाली ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह के आयोजन से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कलाकारों एवं प्रतिभाओं में निखार आता है.क्षेत्र और समाज के अन्य लोग भी बेहतर करने की कोशिश करते हैं और सकारात्मक दिशा में ऊंचाई की बुलंदियों पर पहुंचते हैं।राष्ट्रीय सचिव ने समाज के निर्माण में तथा राष्ट्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में किए जा रहे कार्यक्रम की जमकर तारीफ की.उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों तथा आम जनमानस से आह्वान किया कि नई पीढ़ियों को उनके लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग किया जाए ताकि देश तरक्की करे। मुख्य वक्ता के तौर पर अपने विचार प्रकट करते हुए शिवसेना(शिंदे गुट) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुलाब चंद दुबे ने बताया कि इस सम्मान समारोह का सकारात्मक संदेश संपूर्ण समाज में जाएगा.उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करके ही राष्ट्र उन्नति कर सकता है. विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचार प्रकट करते हुए रत्नाकर चौबे ने कहा कि ऐसे आयोजन का सामाजिक उत्थान की दिशा में किया गया प्रयास अत्यंत सार्थक एवं सराहनीय है. विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा जिलाध्यक्ष डॉ .अवध नाथ पाल ने इस समारोह को ऐतिहासिक बताया जिसमें सबको बराबर का सम्मान प्रदान किया गया. समाज की युवा पीढ़ी और अन्य संगठन भी ऐसे कार्यक्रम से प्रेरणा लेंगे . सपा की पूर्व विधायक श्रद्धा यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान किए बगैर देश की दशा और दिशा नहीं बदल सकती. भोजपुरी सम्राट रविंद्र सिंह ज्योति ने अपने गीतों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. सम्मानित किए जाने वाले में गुलाब चंद्र दुबे , डॉ अवध अनाथ पाल , भोजपुरी सम्राट रविंद्र सिंह ज्योति,कैलाश नाथ मिश्र, यशवर्धन सिंह, हौसिला पाल ,गुलाब चंद्र दुबे, डॉ.प्रीति दुबे,राम साजन यादव,राम अभिलाष पाल ,डॉ. भूपेश यादव, राम आशीष यादव, राजन त्रिपाठी सहित कुल 30 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

मोबाइल पर मशीन देने का लालच देकर 6 लाख की ठगी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के बंजारेपुर निवासी शादाब अहमद को ठगों ने मोबाइल पर फोन कर हर्वेस्टर मशीन का लालच दे छह लाख की ठगी कर लिया। मशीन न मिलने पर शादाब ने फोन किया तो आरोपित ने जान से मारकर फेकने की धमकी दी। ठगी का एहसास होते ही शादाब ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। शादाब ने बताया की तीन साल पूर्व हर्वेस्टर मशीन खरीदने के लिए मनदीप से मोबाइल से वार्ता हुई, जिसने खुद को मनदीप इंजिनियरिंग वर्क्स भुनेरहरी, पेहाव रोड, पटियाला पंजाब का प्रोपाइटर बताया। मनदीप ने तरह तरह की बात कर शादाब को विश्वास में ले लिया और 15 दिन के अंदर मशीन देने का वादा कर अपने खाते मे साढ़े पांच लाख रूपया ले लिया। 15 दिन बाद शादाब मशीन लेने पटियाला पंहुचा तो पुनः 45 हजार रूपये नगद दिए। इसके बाद वह व्यक्ति घर से गायब हो गया। पांव छह दिन वहां बिताने के बाद शादाब अपने घर वापस लौट आया। इसके बाद शादाब जब मनदीप से मोबाइल से वार्ता कर मशीन मांगता तो वह टाल मटोल और झूठे वादा करने लगा। शादाब कई बार पटियाला गया लेकिन मनदीप रूपये लेने से ही मुकर गया और धमकी देने लगा कि अबकी पंजाब आए तो जान से मारकर फेकवा देंगे। प्रार्थी भयभीत हो गया और न्याय की आस में पुलिस की शरण में गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गयी।

डीजे पर गाना बजाने को लेकर मारपीट में चार पर एससीएसटी का केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन थाना क्षेत्र के डिहियां गांव में मंगलवार की रात आई बारात में डीजे पर मनपसंद गीत बजाने को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने डीजे संचालक की तहरीर पर डिहियां गांव के चार युवकों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। खेतासराय थाना क्षेत्र के बिश्वां गांव निवासी मिठाई लाल गौतम भाड़े पर डीजे बजाता है। मंगलवार को बारात की तरफ से वह डीजे लेकर आया था। द्वारचार के समय डीजे पर मनपसंद गीत बजाने को लेकर डिहियां गांव के कमलेश बिंद,बूने बिंद, केला बिंद, विकास और फूलचंद बिंद से विवाद हो गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने डीजे संचालक को मारपीट कर डीजे मशीन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में पुलिस ने उक्त चारों के खिलाफ दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड करंजाकला की ग्राम पंचायत देवकली में बन रहे अमृत सरोवर कार्य का किया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा के द्वारा विकासखंड करंजाकला की ग्राम पंचायत देवकली में बन रहे अमृत सरोवर कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी करजांकला आार.डी. यादव को निर्देश दिया कि तालाब की गहराई 01 मीटर और बढ़ाई जाए और बन्धें पर वृहद वृक्षारोपड़ किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि अपने–अपने विकास खण्ड में बन रहे अमृत सरोवरों का निरीक्षण कर इनलेट आउटलेट, गहराई और पानी के आने का स्रोत देख लें, और मानक के अनुसार अमृत सरोवर खुदवाना सुनिश्चित करें। सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड में निर्माणाधीन अमृत सरोवर, जिसका मॉस्टर रोल अभी नही निकला है और इस वर्ष स्वीकृत एंव पूर्ण अमृत सरोवर की विस्तृत रिपोर्ट उपायुक्त

मनरेगा को दें। उन्होंने कहा कि मजदूरों को भुगतान समय से होता रहे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी.बी.सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

13 वीं रैंक लाकर आईएएस बनी अयोध्या की विदुषी सिंह नें जनपद का किया नाम रोशन

अयोध्या ।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) संघ लोक सेवा आयोग की 2022 परीक्षा के फाइनल में शहर के मोदहा जेबीपुरम निवासी विदुषी ने पहले ही प्रयास में आल इण्डिया रैंकिंग में 13 वां स्थान हासिल किया है। जिसके चलते उसकी देश सेवा में जाने की चाह पूरी हो गई है ।विदुषी ने अपनी मेहनत और दृढ इच्छा से न केवल अपनी साध पूरी की है, बल्कि बाबा के सपने को भी साकार किया है। इस सफलता की जानकारी के बाद परिवार में हर्ष का माहौल है और बधाइयों का तांता लगा हुआ है ।भारतीय वायुसेवा के रिटायर्ड अधिकारी और वर्तमान में अवर अभियंता के पद पर पड़ोसी जनपद अंबेडकरनगर के टांडा में तैनात इंजी दीपेंद्र प्रताप सिंह और बेसिक शिक्षा परिषद् में प्रधानाध्यापिका के पद पर तैनात डा प्रीति सिंह की पुत्री विदुषी सिंह ने वर्ष 2008 में जेबी एकेडमी से इंटर उत्तीर्ण होने के बाद कामर्स की पढ़ाई के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कालेज आफ कामर्स में प्रवेश लिया। यूपीएससी की परीक्षा के लिए निर्धारित आयु पूरी करने के बाद पहली बार सिविल सेवा की परीक्षा दी और अपने नाम के अनुरूप विद्वता का प्रदर्शन करते हुए सफलता अपने नाम कर ली।विदुषी का परिवार मूल रूप से जिले के बीकापुर तहसील क्षेत्र स्थित प्रतापपुर मंगारी निकट बरहपुर का निवासी है और इनके बाबा स्व.धीरेन्द्र प्रताप

सिंह भी शिक्षक थे। जबकि इनकी बड़ी बहन यूनाइटेड स्टेट में मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई कर रही हैं। इंटर की परीक्षा में जिले में दूसरी रैंक हासिल करने वाली विदुषी का कहना है कि बचपन से ही बाबा कहा करते थे कि पोती कलेक्टर बनेगी। यह कहते ही उसकी आँखों में आंसू आ जाता है और गला रूध जाता है, रुधे गले से वह बताती है कि इंटरव्यू का लेटर आया था तो बाबा को बहुत खुशी हुई थी ।उन्होंने सर पर हाथ फेरते हुए फिर से वही पुरानी बात दोहराई थी, लेकिन तीन माह पूर्व उनका निधन हो गया। उसकी सफलता में सबसे ज्यादा श्रेय बाबा के आशीर्वाद तथा पीएचडी होल्डर होने के बावजूद हम लोगों के भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने में अध्यापन के साथ यहीं पर रहकर घर–परिवार का ध्यान रखने वाली मां के अलावा हमेशा उत्साहवर्धन करने और हर सुख–सुविधा का ध्यान रखने वाले पिता को है ।विदुषी का कहना है कि पिता के एयरफोर्स में होने के चलते वह बचपन से ही देश के साथ दुनिया में सोचती रहती थी और इसी के चलते उसने भारतीय विदेश सेवा का विकल्प चुना था।

पुरानी रंजिश में फरसा से किया हमला : पति–पत्नी समेत पांच नामजद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कंदैला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर को लेकर हमले और छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने पति–पत्नी समेत पांच के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। फरसा से घायल शख्स को उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। बताया गया कि पीड़ित गांव निवासी शत्रोहन पुत्र राम प्रसाद का कहना है कि 21 मई को सुबह लगभग 8 बजे वह बाइक से बाजार जा रहा था ,इसी दौरान घर के पास मौजूद छेद्दन, उनकी पत्नी शिवकुमारी तथा पुत्रों राम बहादुर व जान बहादुर और तीन अन्य अज्ञात ने फरसा–लाठी डंडे हुई से लैस होकर हमला बोल दिया। जान बचाने के लिए वह अपने घर में भागा और दरवाजा बंद कर लिया तो हमलावरों दरवाजा तोड़ घर में घुस आये और लकड़ी की आबरू पर हमला बोल कपड़े फाड़ दिए तथा मारा–पीटा। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। फरसे से हमले में शत्रोहन का हाथ घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल से लखनऊ रिफर किया गया है। पूराकलंदर पुलिस का कहना कि शिकायत पर बलवा, मारपीट, गाली–गलौच, धमकी, गंभीर रूप से घायल करने,आबरू पर हमला आदि की धारा में केस दर्ज कर छानबीन कराई जा रही है।

अंतिम संस्कार में शामिल होने आ रहे यात्री हुए सड़क हादसे का शिकार : दो की मौत : एक दर्जन यात्री घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को सरयू घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आ रहे यात्रियों से भरी एक वाहन को ट्रक ने अयोध्या–बस्ती नेशनल हाईवे पर होटल ड्रीमलैंड के सामने टक्कर मार दिया।इस टक्कर से वाहन सवार 2 यात्री की मौके पर ही मौत हो गई और 13 यात्री घायल हो गए।जिनका इलाज अयोध्या श्रीराम अस्पताल में चल रहा है। वहीं घायलों में 2 यात्रियों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।मालूम हो कि दुर्जनपुर चौराहा गोंडा से अयोध्या घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए एक वाहन से सवार होकर लोग अयोध्या बस्ती नेशनल हाईवे से आ रहे थे।जहां नेशनल हाईवे स्थित ड्रीमलैंड के पास ओवरटेक करने की कोशिश में पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने उक्त वाहन को टक्कर मार दी, जिससे वाहन पलट गया और सभी यात्री चपेट में आ गए। इस दौरान दुर्जनपुर निवासी शिवकुमार और विक्रम चौहान की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं रामू चौहान और रागे चौहान की हालात गंभीर बताई जा रही है, जिनका इलाज अयोध्या ट्रामा सेंटर में चल रहा है। वहीं अन्य 11 यात्रियों को भी कुछ चोटें आई है।जिन्हें श्री राम अस्पताल में भर्ती किया गया है।

04 जून 2023 से होगी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 04 जून, 2023 प्रातः 10 से 12 बजे होगी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए छह परीक्षा केन्द्र बनाए गए। इन केन्द्रों पर 37 विषयों में 1767 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसके लिए छह केन्द्राध्यक्ष के साथ 09 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए। पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फारूख जमाल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तैयारियां अंतिम दौर में है। विश्वविद्यालय में छह परीक्षा केन्द्रों जिसमें अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिकक्स विभाग, गाणित एवं सांख्यिकी विभाग, शिक्षा संकाय विभाग, प्रचेता भवन, दीक्षा भवन में 37 विषयों की प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी। जिसमें कुल 1767 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से 12 तक होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए गए है। अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय की साइट पर जाकर प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते है। परीक्षा के दिन प्रवेश–पत्र के साथ एक पहचान–पत्र पास रखना होगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को एक घण्टा पूर्व निर्धारित केन्द्र पर पहुॅचना अनिवार्य है।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन द्वारा जेष्ठ मास के तीसरे मंगलवार पर आयोजित भंडारे में लिया हिस्सा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन द्वारा जेष्ठ मास के तीसरे मंगलवार पर आयोजित भंडारे में बड़ी तादाद में लोगों ने एकत्र होकर प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने इस कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद देकर देश व प्रदेश के उत्थान के लिए बजरंगबली से आशीर्वाद मांगा। शहर के रिकाबगंज चौराहे पर 2012 से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि प्रभु हनुमान जी की कृपा से हमारे शहर में शांति और समृद्धि का माहौल है ,ऐसी ही सुख शांति बनी रहे इसके लिए हमने आज बजरंगबली से प्रार्थना भी की । श्री पाण्डेय कहा कि समाजवादी पार्टी ने सदैव ही सभी धर्मों को एक समान महत्व दिया है इसी क्रम में जेष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को बड़ी तादाद में उपस्थित भक्तों को भगवान बजरंगबली का प्रसाद वितरित किया गया । समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज शाम 4:00 बजे से रिकाबगंज चौराहे पर शुरू हुआ भंडारे का क्रम देर रात तक चलता रहा। इस दौरान पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन अपने सहयोगियों के साथ देर रात तक डटे रहें और श्रद्धालुओं की सेवा की। उन्होंने बताया कि इस मौके पर बड़ी तादाद में समाजसेवी ,पार्टी कार्यकर्ता व अन्य लोग शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से महन्त बालयोगी रामदास, महन्त धर्मदास, प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी व सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, विधानसभा अध्यक्ष शिवबरन यादव पप्पू, प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, दानबहादुर सिंह, श्रीचन्द्र यादव, अन्सार अहमद बब्बन, मो0 हलीम पप्पू, लड्डू लाल यादव, छोटे लाल यादव , पंकज पाण्डेय, संजीत सिंह, रामभवन यादव, तरजीत गौड़, बाबूराम गौड़, शम्भूनाथ सिंह दीपू, सरोज यादव, जगन्नाथ यादव, अर्पणा जायसवाल, राकेश यादव, विशाल पाल, फरीद कुरेशी, विनय मौर्या, रजत गुप्ता, शहबाज लकी, परिजात त्रिपाठी, रमाकान्त यादव, वकार अहमद, विनीत गौतम, डॉ0 अनुराग यादव, ओरौनी पासवान, शशांक यादव, राहुल यादव, राजू यादव, मोहित यादव, रामदयाल मौर्या, मो0 इमरान, राजेन्द्र भारती, मो0 इस्तियाक खान, सन्टी तिवारी, सुनील तिवारी, राजकुमार यादव, संजय कुमार, हेमन्त पाण्डेय, आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

डिजीटल युग में कंटेंट किंग है –डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में 'डिजीटल युग एवं पत्रकारिता' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता आईसीएन अन्तरराष्ट्रीय मीडिया ग्रुप लखनऊ के प्रधान संपादक डॉ0 शहयाज सिद्दीकी ने कहा कि इस डिजीटल युग में परम्परागत मीडिया का ग्लैमर बना रहेगा। इसमें कंटेट की विश्वसनीयता ज्यादा होती है। मीडिया के विद्यार्थियों को प्रतिदिन हिन्दी व अंग्रेजी के समाचार–पत्र व पत्रिकाओं को नियमित पढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ0 सिद्दीकी ने कहा कि इस डिजीटल युग में पत्रकारों के समक्ष कई चुनौतियां है। उन चुनौतियों से निपटने के लिए पत्रकारों को तकनीकी रूप से दक्ष होने की जरूरत है। वर्तमान में समाचार–पत्रों के प्रसार में कमी देखी जा रही है। क्योंकि पाठक अखबार को सहेजना नही चाहता है। इसके लिए ऑनलाइन संस्करण देखना चाहता है, जो उसके पहुॅच में है। कार्यक्रम में डॉ0 शहयाज ने कहा कि डिजीटल मीडिया में कम्यूनिकेशन स्किल का बड़ा महत्व है। इसके लिए विद्यार्थियों को पुस्तकों का अध्ययन करते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता को विकसित करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमसीजे समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि वर्तमान डिजीटल युग में कंटेंट किंग है। इसमें महारत हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को अधिक परिश्रम के साथ अपने विचारों को रखना होगा। डिजीटल मीडिया में विद्यार्थियों के लिए रोजगार की काफी संभावना है। इसके लिए विद्यार्थियों को स्किल्स के साथ कंटेट की समक्ष विकसित करना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आईसीएन अन्तरराष्ट्रीय मीडिया ग्रुप की संपादक कौशर खान ने छात्रों को बताया कि डिजीटल मीडिया में आने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करनी होगी। इस प्लेटफार्म में टेक्स्ट के साथ ऑडियो व वीडियो की समक्ष रखनी होगी। कार्यक्रम में आईसीएन के उपसंपादक सिद्धार्थ अमन रस्तोगी ने मीडिया के विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के दौरान कभी भी अंकों के पीछे नही भागना चाहिए। तनावमुक्त होकर कंटेंट की समझ रखते हुए लिखने का अभ्यास करते रहना चाहिए। डिजीटल मीडिया में कंटेंट राइटर की काफी मांग है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनिल कुमार विश्वा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 राज नारायण पाण्डेय, दीपांशु यादव, शिवानी पाण्डेय, चन्द्रशेखर सोनी, तन्या सिंह, स्वाति सिंह, रोशनी कुमारी, रिसाली गोस्वामी, शरद यादव, दीनकर मिश्रा, सर्वेश द्विवेदी, सुधांशु शुक्ला, हरिकृष्ण अरोड़ा, सौरभ मिश्र, अनमोल उपाध्याय, अभिषेक पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

तहसील क्षेत्र में जगह जगह जेष्ठ माह के तृतीय मंगलवार के उपलक्ष में भव्य भंडारा सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जनपद के विधानसभा क्षेत्र मिल्कीपुर अंतर्गत हैरिंग्टनगंज व समस्त तहसील क्षेत्र में जगह जगह जेष्ठ माह के तृतीय मंगलवार के उपलक्ष में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया आपको बता दें कि यह कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जेष्ठ माह में पड़ने वाले सभी मंगलवार को प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान जी को समर्पित उनके भक्तों द्वारा जगह–जगह पंडाल लगाकर शरबत का वितरण किया जाता है वही पूड़ी सब्जी छोला चावल वह हलवे का वितरण प्रसाद के रूप में किया जाता है जिसे पवन पुत्र हनुमान के भक्तों द्वारा आने जाने वाले राहगीरों को प्रसाद खिलाकर अपने जीवन में खुशहाली व समृद्धि की कामना करते हैं यह कार्यक्रम आज हैरिंग्टनगंज बाजार, रेवती गंज बाजार, पलिया चौराहा, सिंधौरा मोड़, रामगंज बाजार, खड़भडिया चौराहा, मिल्कीपुर, कुचेरा बाजार, बारुन बाजार, शाहगंज, आदि सैकड़ों जगह प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया।

अज्ञात कारणो से दुकान मे लगी आग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोहावल– अयोध्या। रूदौली डिविजन सोहावल उपकेंद्र गोडवा फीडर रूदौली तहसील क्षेत्र रामशरन दास पुर स्थित दिशा कृषि अनुसंधान एवं पशु आहार केंद्र मे सुबह अज्ञात कारणो से आग लग जाने से धान आदि के बीज एवं पशुहार जलकर राख हो गये।केंद्र संचालक ज्वाला प्रसाद पुत्र रामगणेश ने शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका व्यक्त करते हुए बताया कि लगभग आठ लाख रूपये का दुकान मे अनाज एवं पशुओ का आहार था।आग की चपेट मे आने से पूरी दुकान के साथ सामान जलकर राख हो गया।

बीकापुर ब्लॉक में आयोजित हुई भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक : अनिल उपाध्याय सहित चार संयोजक की हुई नियुक्ति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीकापुर–अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी बीकापुर मंडल कार्य समिति की बैठक सोमवार को ब्लॉक सभागार में मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे राना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान बीकापुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद पद पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश पांडे राना का स्वागत करते हुए बधाई दी गई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह द्वारा कार्यकर्ताओं को संगठन के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने से संबंधित टिप्स दिया गया और बताया गया की बूथ इकाई संगठन की सबसे निचली और सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। भाजपा द्वारा 1 जून से 20 जून तक बूथ स्तर पर गांव गांव अभियान चलाया जाएगा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता घर घर पहुंच कर केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराएंगे। इस दौरान प्रबुद्ध जन सम्मेलन और अन्य विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे 21 जून को योगा दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की भी रूपरेखा तय की गई। परवाह करता कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे राना, जगपाल तिवारी योगेंद्र नाथ उपाध्याय, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, अंकित गुप्ता, राजन पांडेय, शिवम सिंह, अभिषेक, भरत जी श्रीवास्तव, अरुण सिंह, इंद्रसेन सिंह, राज कुमार वर्मा, रामबचन बर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे। बैठक के दौरान मंडल स्तर पर 4 संयोजक नियुक्त किए गए। जिसमें अनिल उपाध्याय, बलवंत सिंह, इंद्रसेन सिंह और साहब लाल शामिल है।

बेहाल गर्मी में अयोध्या नगर निगम की पानी और साफ सफाई की व्यवस्था चरमराई – श्याम कृष्ण श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने अयोध्या नगर निगम के प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहां अयोध्या नगर निगम प्रशासन जनता के साथ अनदेखी कर रही है उन्होंने कहा वर्तमान समय में पेयजल व्यवस्था सड़कों और गलियों मे साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है लोग पीने के पानी के लिए दर–दर भटक रहे हैं मुख्य सड़क और गलियां जगह–जगह खुदी होने के कारण बच्चों और राहगीरों का चलना दूभर हो गया है और लोग चोटिल हो रहे हैं सफाई कर्मी अब गलियों में आना बंद कर दिए हैं जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और नालियां बज बजा रही हैं और गंदगी फैल रही है लेकिन नगर निगम हाथ पर हाथ रखकर बैठा है नगर निगम के नई चुनी हुई बोर्ड का शपथ ग्रहण नहीं हुआ है लेकिन जनता ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंप दी है सपा महानगर अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित मेयर महंत गिरीश त्रिपाठी से मांग करते हुए कहा कि शपथ ग्रहण होता रहेगा आप तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए सफाई और पेयजल व्यवस्था बहाल कराएं।

अविवि को आयकर से वापस होगी 57 करोड़ की धनराशि

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 2018 में आयकर विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के खाते से 45 करोड़ 79 लाख 92 हजार 562 रूपये कर के रूप में काट लिए गए थे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के सद्प्रयासों से उक्त धनराशि अब विश्वविद्यालय को वापस मिलेगी। विश्वविद्यालय को उक्त धनराशि ब्याज सहित करीब 57 करोड़ रूपये वापस मिलेगा। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय का उक्त प्रकरण निर्धारण वर्ष 2013–14 का था विश्वविद्यालय की अपील याचिका आयकर विभाग द्वारा खारिज कर दी गई थी। 26 जुलाई, 2022 को निर्णय के विरूद्ध अपील की गई जिसके फलरूवरूप 14 नवम्बर को प्रकरण लखनऊ स्थान्तरित कराते हुए प्रभावी पैरवी के परिणाम रूवरूप 19 मई, 2023 को आरोपित आयकर शून्य करार दिया गया एवं समस्त धनराशि विश्वविद्यालयय को वापस कराने के पक्ष में आदेश पारित किया गया। विश्वविद्यालयय के वित्त अधिकारी पुर्णेन्दू शुक्ला ने बताया कि विश्वविद्यालय का उक्त प्रकरण वर्ष 2013–14 का है। आयकर विभाग द्वारा 05 अप्रैल, 2018 को 20 करोड़ 3 लाख 92 हजार 562 एसबीआई से एवं 11 अप्रैल, 2018 को 25 करोड़ 76 लाख सीबीआई से आयकर द्वारा कर के रूप में ले लिया गया था। आयकर अपीलीय अधिकरण लखनऊ द्वारा विश्वविद्यालय को समस्त धनराशि ब्याज सहित वापस किए जाने का आदेश पारित किया है।जो वर्तमान में सीपीसी बैगलोर को प्रक्रिया हेतु प्रेषित किया गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 गोयल एवं वित्त अधिकारी के सद्प्रयासों से विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

जिस तरह इस वार्ड की जनता ने हमको आशीर्वाद दिया उसी तरह अब वार्ड की तरक्की की जाएगी–महापौर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अल्प० मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशफाक हुसैन जिया ने अपने आवास राठ हवेली अली प्वाइंट पर नवनिर्वाचित अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी महाराज एवम शहीद अब्दुल हमीद वार्ड के पार्षद सलमान हैदर का वार्ड के सम्मानित व्यक्तियों वा वार्ड की जनता द्वारा भव्य स्वागत किया महापौर ने कहा कि जिस तरह चुनाओ में इस वार्ड की जनता ने हमको आशीर्वाद दिया उसी तरह अब वार्ड की तरक्की की जाएगी पार्षद सलमान हैदर ने वार्ड में एक शादी गृह बनाए जाने का प्रस्ताव रखा जिसपे अशफाक हुसैन जिया एवम महापौर ने आश्वासन दिया की जल्द बरात घर का निर्माण किया जाएगा अशफाक हुसैन जिया ने कहा यह ट्रिपल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम कर रही है और शहीद अब्दुल हमीद वार्ड का भी विकास होगा।

नाबालिक लड़की का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।अयोध्या पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के अपराध मे वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मामले में थाना कोतवाली नगर में पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत था। जिससे सम्बंधित अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र सौकीलाल निवासी मानव नगर रमना थाना को0 नगर जनपद अयोध्या व दीपक तिवारी पुत्र राजकुमार तिवारी उर्फ रामकुमार निवासी मानव नगर रमना थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या को मुखबिर की सूचना के आधार पर जनौरा कट के पास से

पुलिस ने गिरफ्तार किया।

सीएम योगी के निर्देश पर अयोध्या पहुंचे मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की समीक्षा बैठक संपन्न

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो चीफ) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या में विजन डॉक्यूमेंट की बैठक संपन्न हुई। आयुक्त सभागार में मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की अध्यक्षता में विजन डॉक्यूमेंट की बैठक पूरी हुई। अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए, बरसात के पहले राम पथ पर बन रहे यूटिलिटी डक्ट को पूरा करने के निर्देश दिये गया, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र का बयान में कहा अयोध्या की सारी विकास कार्यों की बिंदुवार की समीक्षा गई , अयोध्या में चल रहे सारे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा भी की गई, सभी कार्यों का फिक्स टाइमलाइन किया गया , समय से होंगे काम पूरा करने को निर्देश दिया गया, आम जनता को चिंता करने की जरूरत नहीं है, सभी काम समय से होंगे पूरे हो जाएंगे। दुर्गाशंकर मिश्र मुख्य सचिव के बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों के साथ कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नीतीश कुमार, एसएसपी मुनिराज, नगर आयुक्त/विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह व सीडीओ अनीता यादव मौजूद रही।

मुख्य सचिव के अयोध्या भ्रमण कार्यक्रम को लेकर मण्डलायुक्त व डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन दुर्गा शंकर मिश्र के प्रस्तावित अयोध्या भ्रमण के दृस्टिगत मण्डलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने संयुक्त रूप से अयोध्या धाम में चल रही निर्माण की परियोजनाओं का सम्बंधित विभागों के उच्चाधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। दोनो अधिकारियों के द्वारा गुप्तारघाट के फेज–1, फेज–2 एवं फेज–3 विकास परियोजना का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ सम्बंधित अधिकारियों को सम्पूर्ण क्षेत्र की साफ सफाई अच्छी तरह से कराने के निर्देश दिये। दोनों अधिकारियों द्वारा निर्माणधीन रामपथ, भक्तिपथ जन्मभूमि पथ का भी चल रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त अधिकारी द्वय द्वारा निर्माणाधीन विभिन्न मल्टी लेबल पार्किंग स्थलों एवम सूर्यकुंड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के आयुक्त द्वारा अयोध्या विकास प्राधिकरण सभागार में सम्बंधित अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं एवं परियोजनाओं से जुड़े संस्थाओं के साथ बैठक कर प्रत्येक परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा मुख्य सचिव के भ्रमण संबधित सभी तैयारियो को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

शारीरिक फिटनेस बनाने के लिये सीओ लाइन ने पुलिस कर्मियों के साथ लगाई दौड़

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बुधवार को पुलिस कर्मियों शारीरिक फिटनेस बनाए रखने के लिये रिजर्व पुलिस लाइन परेड मैदान पर सीओ लाइन आशीष निगम ने पुलिस कर्मियों के दौड़ लगाया।इस दौरान ऐसे पुलिस कर्मियों जिनका वजन अधिक रहा वे हांफते हुए दिखाई दे रहे हैं।सीओ लाइन आशीष निगम ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में दौड़ लगाने से पहले परेड का निरीक्षण किया।उन्होंने पुलिस कर्मियों में एक रूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार मार्क ड्रिल करवाया।इस मौके पर उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया।परेड का निरीक्षण करने के बाद सीओ लाइन ने फायर सर्विस उपकरणों का निरीक्षण किया गया।उन्होंने वहां पर मौजूद सुरक्षा हेतु मशीन,वाहन आदि उपकरण के सही ढंग से रख.रखाव आदि कार्य हेतु संबंधित प्रभारियों को

निर्देशित किया।इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में स्थित कैण्टीन,भोजनालय, बैरिक, स्टोर, क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा व नवनिर्मित आवासीय बिल्डिंग का निरीक्षण कर रजिस्टर के रख रखाव सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिया।

साइबर सेल जनपद अयोध्या पुलिस ने प्रार्थी के क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर निकाले गये 1,43,998 रुपये प्रार्थी को कराया गया वापस

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमारःः अयोध्या में अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत साइबर क्राइम सेल टीम को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सेल मनबोध तिवारी द्वारा साइबर सेल टीम के साथ कार्यवाही करते हुए कुल 1,43,998 (एक लाख तैंतालीस हजार 998 रुपये) रुपये प्रार्थी सुनील मिश्रा निवासी आदित्य नगर कॉलोनी थाना कैंट जनपद अयोध्या के क्रेडिट कार्ड/खाते में वापस कराये गये। पीड़ित द्वारा रुपये वापस मिलने पर साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया गया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।